प्रदर्शनी से निवेशकों को लुभाएंगी कंपनियां

ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी : इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में सजाए जा रहे हैं विभिन्न स्टॉल

माई सिटी रिपोर्टर

लखनऊ। ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के दौरान निवेशकों को आकर्षित करने के लिए विभिन्न कंपनियों की ओर से प्रदर्शनी लगाई जाएगी। इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में दस स्थानों पर अलग-अलग क्षेत्रों के स्टॉल लगाए जाएंगे। इनके पंडाल का काम अंतिम अंतिम दौर में है।

जानकारी अनुसार यहां फिल्म सिटी, डिफेंस, इलेक्ट्रॉनिक्स, टेक्सटाइल, आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस, मेडिकल डिवाइस, इलेक्ट्रिकल व्हीकल, एचसीएल, माइक्रोसॉफ्ट समेत विभिन्न कंपनियों व क्षेत्रों की प्रदर्शनी लगाई जाएगी। इसके माध्यम से कंपनियों की ओर से अपने उत्पादों की जानकारी दी जाएगी। इसका मकसद निवेशकों को लुभाना है।

इन स्थानों पर खड़े होंगे वाहन : विजयीपुर अंडरपास के करीब आरपीएस ग्राउंड, डिकेथलॉन से समिट बिल्डिंग तक सड़क के दोनों ओर, अटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल विवि, ऑडिट भवन के पीछे एसएसबी मुख्यालय, मानवाधिकार भवन से सतर्कता अधिष्ठान तक, हयात होटल से मेधा मोटर्स तक दोनों ओर, किसान बाजार की पार्किंग, सिनेपॉलिस मॉल, समिट बिल्डिंग, जेएसवी हुंडई शोरूम तिराहे से सूचना आयोग तिराहे तक दोनों तरफ, बैंक ऑफ इंडिया की भूमि पर, लेवाना साइबर टॉवर, एल्डिको चैंबर, वेव मॉल, उत्तराखंड भवन और मानवाधिकार मुख्यालय की पार्किंग।

पार्किंग के लिए 17 स्थान चिह्नित

- पुलिस प्रशासन ने आयोजन में शामिल होने वाले अतिथियों के वाहनों को पार्किंग का प्लान तैयार कर लिया है। इसके तहत 17 स्थान चिह्नित किए गए हैं। गोल्ड प्लस पासधारकों के लिए तीन पार्किंग सुरक्षित की गई है। गोल्ड पास धारकों के लिए दो, सिल्वर के लिए तीन और रेड के लिए 10 पार्किंग स्थल बनाए गए हैं।
- मीडियाकर्मियों के लिए भी दो पार्किंग स्थल तैयार किए गए हैं। प्रशासन की ओर से एसडीएम सचिन वर्मा को पार्किंग व्यवस्था की जिम्मेदारी सौंपी गई है। एसडीएम सरोजनीनगर व नगर मजिस्ट्रेट एयरपोर्ट पर अतिथियों के आवागमन की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे।

औद्योगिक विकास परियोजनाओं का
@4.0

इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में चल रहा पंडाल का काम। -संवाद

तीन हैलीपैड बनाए गए लामार्ट स्कूल में

ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के लिए लामार्ट स्कूल में तीन अस्थायी हैलीपैड बनवाए जा रहे हैं।

- **19 चार्टर विमानों से आएंगे मेहमान :** ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के लिए 19 फरवरी को मेहमान चार्टर विमानों से आएंगे। बृहस्पतिवार को लुलु ग्रुप के युसुफ अली सहित तीन वीआईपी के चार्टर प्लेन आने की सूचना एयरपोर्ट प्रशासन को मिल गई है। 16 चार्टर विमानों की पार्किंग तैयार हो चुकी है।

आयोजन स्थल को चमकाने में जुटा नगर निगम

गोमतीनगर फ्लाईओवर की चल रही रंगाई। -संवाद

सड़कों की सफाई के साथ पेंटिंग का चल रहा काम

लखनऊ। ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के लिए नगर निगम आयोजन स्थल इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान व इसके आसपास का क्षेत्र चमका रहा है। एक ओर अवैध होर्डिंग हटाई जा रही हैं तो सड़कों की सफाई के साथ पेंटिंग का काम कराया जा रहा है। मार्ग प्रकाश और अन्य व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के लिए अधिकारियों की जिम्मेदारी जोनवार तय कर आदेश भी जारी कर दिया गया है।

नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह ने बताया कि नगर निगम आयोजन स्थल व उसके आस-पास सफाई कराएगा। इसके लिए टीमें लगा दी गई हैं। नगर निगम इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान से लेकर पिकअप तिराहे तक दोनों ओर की दीवारों पर कलात्मक पेंटिंग भी कराएगा। अवैध होर्डिंग हटाकर आयोजन की सुंदर होर्डिंग लगाने के लिए प्रचार विभाग की टीमें काम कर रही हैं।

बृहस्पतिवार को समता मूलक चौराहे व लोहिया पथ के अलावा कई जगहों से अवैध होर्डिंग हटाई गईं। आईजीपी व उसके आसपास व प्रमुख चौराहों को नगर निगम गमलों से सजाएगा। लामार्ट कॉलेज परिसर से इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान और एयरपोर्ट से आयोजन स्थल तक सफाई, मार्ग प्रकाश, हरियाली आदि की व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के लिए जोनवार अधिकारियों की जिम्मेदारी भी तय कर दी गई है। (माई सिटी रिपोर्टर)

लखनऊ के पांच अमृत रेलवे स्टेशनों का शिलान्यास करेंगे पीएम

माई सिटी रिपोर्टर

लखनऊ। ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के लिए लखनऊ आगमन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लखनऊ के पांच अमृत रेलवे स्टेशनों का शिलान्यास करेंगे। इनमें उत्तर रेलवे के मानकनगर, मल्हौर व मोहनलालगंज और पूर्वोत्तर रेलवे के डालीगंज व लखनऊ सिटी स्टेशन शामिल हैं। इसके अलावा रेलवे क्रासिंगों पर बनने वाले 12 अंडरपास व दो ओवरब्रिज का भी शिलान्यास किया जाएगा।

अमृत रेलवे स्टेशन योजना के तहत उत्तर रेलवे व पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के कुल 64 स्टेशन चुने गए थे। इनमें पूर्वोत्तर रेलवे के बादशाहनगर स्टेशन को 18.50 करोड़ तथा ऐशबाग स्टेशन को 20 करोड़ से विकसित किया जा चुका है। अगले चरण में विकसित होने वाले स्टेशनों का प्रधानमंत्री लखनऊ यात्रा के दौरान शिलान्यास करेंगे। पीएम कुल 23 अंडरपास व 18 आरओबी का शिलान्यास करेंगे। इनमें लखनऊ के दो आरओबी और 12 अंडरपास शामिल हैं।

12 अंडरपास, दो ओवरब्रिज का भी शिलान्यास

मानकनगर, डालीगंज, लखनऊ सिटी, मल्हौर, मोहनलालगंज स्टेशन बनेंगे आधुनिक

अमृत स्टेशनों पर मिलेंगी उत्कृष्ट सुविधाएं

अमृत स्टेशन योजना के तहत विकसित होने वाले रेलवे स्टेशनों पर यात्रियों को उत्कृष्ट सुविधाएं मिलेंगी। इनमें प्लेटफॉर्म का अपग्रेडेशन, उन्नत लाइटिंग, कोच गाइडेंस सिस्टम, ट्रेन डिस्प्ले बोर्ड, डिजिटल घड़ियां, साइनेज बोर्ड, सोलर प्लांट, एसी, वेटिंग हॉल, शौचालय, एफओबी, ऑटोमेटिक टिकट वेंडिंग मशीन एटीवीएम, वाटर वेंडिंग मशीनें आदि उपलब्ध कराई जाएंगी।

18 आरओबी, 23 अंडरपास की भी मिलेगी सौगात

- ऐसे होगा अमृत स्टेशनों का विकास

स्टेशन	रकम होगी खर्च
मल्हौर	42.73 करोड़ रुपये
मानकनगर	16.52 करोड़ रुपये
डालीगंज	17 करोड़ रुपये
लखनऊ सिटी	08 करोड़ रुपये
मोहनलालगंज	07.24 करोड़ रुपये

ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी ने दी संजीवनी...

अब लंबी छलांग के लिए तैयार होटल उद्योग

2729 करोड़ का कुल निवेश होगा 36 परियोजनाओं में

लखनऊ। ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी राजधानी के होटल उद्योग के लिए संजीवनी से कम नहीं है। देशभर से मेहमानों के आगमन, करोड़ों के निवेश से गदगद कारोबारी होटल कारोबार को विस्तार देने में जुट गए हैं। कारोबारियों और होटल एसोसिएशन का कहना है कि यह आयोजन प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार के अवसर भी पैदा करेगा। पर्यटन विभाग के पास अभी कुल 2729 करोड़ के निवेश वाले 36 प्रोजेक्ट हैं।

प्रमुख होटल परियोजनाएं

125 से 600 करोड़ तक के निवेश वाले

LUCKNOW
HOTEL

- इकाना स्पोर्ट्स सिटी
- इंडस रेगेलिया
- इवोलाइव स्पेसेस प्रा. लि.
- मधुरिमा हॉस्पिटैलिटी फूड्स एंड स्वीट्स
- अमृत बटलर्स प्राइवेट लिमिटेड
- अनाहिता हॉस्पिटैलिटी
- एमएस प्रणीत बोरा रिसॉर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड
- एलडीआर कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड
- आरपीएसएसडी कान प्रा. लि.

50 से 100 करोड़ के निवेश वाले

- जेबीआर केमिकल्स
- अपार इंफ्राबिल्ड प्रा. लि.
- लासा बीच टूरिज्म
- एएसवी होटल्स एंड प्रॉपर्टीज डवलपर्स
- इंडस्ट्रियल सॉल्यूशन्स
- जीबीडी बिल्डकान एलएलपी
- दयाल गेटवे

कई लोगों को रोजगार देता है एक होटल

होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन ऑफ नॉर्दर्न इंडिया के अध्यक्ष गिरीश ओबराय कहते हैं कि एक होटल कमरों की संख्या से तीन गुना रोजगार सृजन के औसत नियम पर काम करता है। एक होटल एक रिक्शेवाले से लेकर वेंडर, सब्जीवाला, फर्नीशिंग वाला, कपड़ेवाला जैसे लोगों को रोजगार देता है।

नए ठहराव स्थल की तरह है लखनऊ

इकाना स्पोर्ट्स सिटी होटल की तैयारी कर रहे संजय सिन्हा कहते हैं कि 300 कमरों का एक होटल सीधे दो हजार लोगों को रोजगार देगा। लखनऊ टूरिस्टों के लिए नए ठहराव स्थल की तरह है। यह कहते हुए शहर के दायरे का भी इशारा है। होटल विस्तार के साथ नई इंडस्ट्री लेकर आगे बढ़ रहे सर्वेश गोयल कहते हैं कि होटल कारोबारी उत्साहित हैं। धार्मिक पर्यटन के साथ कॉमर्शियल टूरिज्म तेजी से बढ़ा है। शादी उद्योग फिर से भव्यता की ओर है। ऐसे में ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी ऑक्सीजन की तरह है। (माई सिटी रिपोर्टर)